Patrika

1,500 drivers and 903 store man will recruit in Haryana

चंडीगढ़। हरियाणा के परिवहन मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि कर्मचारियों की कमी को दूर करने के लिए शीघ्र ही प्रदेश में 1500 चालकों और 903 स्टोरमैन की भर्ती अनुबंध आधार पर की जाएगी। इसके अलावा 930 परिचालकों की नियमित भर्ती को स्वीकृति प्रदान कर दी है।

पंवार ने पत्रकारवार्ता में बोलते हुए बताया कि अनुबंध आधार पर पर रखे जाने वाले चालकों को 15 हजार रुपये मासिक मानदेय दिया जाएगा। इससे पहले सरकार द्वारा 413 चालकों की भर्ती अनुबंध पर की जा चुकी है, जिन्होंने ज्वाईन भी कर लिया है। परिचालकों की नियमित भर्ती करने के लिए हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग को लिख दिया गया है, जिनकी प्रक्रिया शीघ्र ही शुरू हो जाएगी।

परिवहन मंत्री ने बताया कि कर्मचारी यूनियन के साथ हुई बैठक में सभी मांगों को मान लिया गया था, इसके पश्चात भी परिवहन कर्मचारियों का हडताल पर जाना उचित नही है। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में हडताल का मिलाजुला असर रहा है, जिसके चलते सुबह से ही हरियाणा में लगभग 50 प्रतिशत से अधिक 1600 बसें अपने रूटों पर चल पायी गयी हैं तथा शेष बसों ने दोपहर बाद तक चलना शुरू कर दिया है। इसके अलावा सरकार ने यात्रियों की सुविधा के लिए प्रदेश में 850 निजी बसों को रूटों पर जाने के निर्देश दिये हैं।

पंवार ने कहा कि प्रदेश में शीघ्र 300 नई बसों को खरीदा जाएगा तथा 20 नई वोल्वो सुपर लग्जरी बसे चलाई जाएगी, जिसके लिए औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी चालक एवं परिचालक द्वारा उसके गांव के 25 किलोमीटर के दायरे में रात्रि ठहराव करने पर भी उन्हें रात्रि भत्ता देने के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया गया है। इसके अलावा वर्ष 2016-19 ब्लाक के लिए कर्मचारियों के एलटीसी जारी करने की प्रक्रिया चल रही है तथा कर्मचारियों को एक हजार रुपये वर्दी व एक हजार रुपये जुता भत्ता शीघ्र दे दिया जाएगा।

परिवहन मंत्री ने कहा कि कर्मचारियों द्वारा विभाग में वर्ष 2003 से कार्यरत करीब 8200 चालक व परिचालकों को नियमित करने की प्रमुख मांग को सरकार ने स्वीकार कर लिया है तथा शीघ्र ही राष्टरीय पैंशन योजना (एनपीएस) पर शीघ्र निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की मांग पर हमारी सरकार ने वर्ष 2013-14 का बोनस दे दिया है, जबकि वर्ष 2014-15 का बोनस भी शीघ्र अदा कर दिया जाएगा।